भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3102

बुधवार, दिनांक 11 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

उत्तर प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई

3102. श्री जगदम्बिका पाल:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में और विशेषकर डुमरियागंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएम-एसजीएमबीवाई) के अंतर्गत इसके प्रारंभ से अब तक प्राप्त आवेदनों की संख्या कितनी है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत सरकारी स्वामित्व वाले विद्युत ग्रिडों से बिजली की कितनी मांग पूरी होने की अपेक्षा है; और

(ग) क्या सरकार का वित्तीय वर्ष 2026-27 के बाद इस योजना का विस्तार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (PMSG: MBY), जो फरवरी 2024 में शुरू की गई थी, एक मांग-संचालित योजना है, जिसके तहत देश में सभी आवासीय ऊपभोक्ता जिनके पास स्थानीय डिस्कॉम से ग्रिड से जुड़े बिजली कनेक्शन हैं, योजना के लाभ प्राप्त कर सकते हैं, और रूफटॉप सौर (RTS) सिस्टम स्थापित करने के लिए योजना के राष्ट्रीय पोर्टल पर आवेदन करके लाभ उठा सकते हैं।

इस योजना के तहत, फरवरी 2024 में इसकी शुरुआत के बाद से, दिनांक 06.03.2026 की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय पोर्टल पर कुल 11,72,448 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें डूमरियागंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 5,632 आवेदन शामिल हैं।

(ख) PMSG: MBY योजना के अंतर्गत, ऐसा अनुमान है कि एक करोड़ घरों में RTS स्थापना से 1,000 अरब (बिलियन) यूनिट नवीकरणीय विद्युत का उत्पादन होगा।

(ग) वर्तमान में, वित्त वर्ष 2026-27 के आगे PMSG: MBY के विस्तार का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****